विधानसभा उपचुनाव -2024

कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी (एस. डी. एम.) रामगढ़, जिला-अलवर (राज.)

क्रमांक:- निर्वाचन/2024/2746 दिनांक:- 07.11.2024

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र :- रामगढ़ (067)
विधानसभा उपचुनाव -2024

नोटिस

प्रेषित:-

अभ्यर्थी
सुमन,
पता:- ग्रा. खेडा महमूद गोविन्दगढ अलवर
दल सहबद्धता:- इण्डियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी

विषय :- निर्धारित दिनांक को आपके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखो का अवलोकन/परीक्षण नहीं करवाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये जाने बाबत नोटिस।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि विधानसभा उपचुनाव-2024, निर्वाचन क्षेत्र रामगढ (067) से आप अभ्यर्थी है इसलिए इस कार्यालय के पत्र दिनांक 30/10/2024 से आपको सूचित कराया गया था कि दिनांक 03/11/2024, 07/11/2024 एवं 11/11/2024 को कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट) रामगढ, अलवर में आपके निर्वाचन व्यय लेखों का अवलोकन/परीक्षण माननीय व्यय पर्यवेक्षक महोदय द्वारा किया जाना निर्धारित किया गया है।

आपको सूचित करवाये जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 07/11/2024 को आप अथवा आपका अभिकर्ता आपके निर्वाचन संबंधी व्यय लेखा रजिस्टर के अवलोकन/परीक्षण करवाये जाने हेतु कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए है। यह स्थिति निर्वाचन विभाग के निर्देशों की अवहेलना है।

जरिये नोटिस आपको अवसर प्रदान किया जाता है कि आज दिनांक 07/11/2024 को आपके द्वारा निर्वाचन संबंधी व्यय लेखा रजिस्टर के अवलोकन/परीक्षण नहीं करवाये जाने के संबंध में आप अविलम्ब अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष प्रस्तुत करें एवं आगामी दिनांक 11/11/2024 को कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट) रामगढ, अलवर में आपके निर्वाचन व्यय लेखों का अवलोकन/परीक्षण माननीय व्यय पर्यवेक्षक महोदय के समक्ष आवश्यक रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त की अनुपालना नहीं किये जाने की स्थिति में आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

कृपया सूचित हो।

स्थान:- रामगढ़ (अलवर)
दिनांक:- 07/11/2024

07.11.24

(सुरेन्द्र प्रसाद)
रिटर्निंग अधिकारी
(एस.डी.एम.) रामगढ़ (67)
जिला- अलवर (राज.)

(सुरेन्द्र प्रसाद)
रिटर्निंग अधिकारी
एस०डी०एम० (067) रामगढ़

क्रमांक:- निर्वाचन/2024/2747-50 दिनांक:- 07.11.2024

प्रतिलिपि:- निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. माननीय व्यय पर्यवेक्षक महोदय, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रामगढ़ (067)
2. श्रीमान जिला निवार्चन अधिकारी (कलेक्टर) अलवर।
3. निर्वाचन शाखा, संबंधित को तामील/सूचित करवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय प्रति

07.11.24

(सुरेन्द्र प्रसाद)
रिटर्निंग अधिकारी
(एस.डी.एम.) रामगढ़ (67)
जिला- अलवर (राज.)

(सुरेन्द्र प्रसाद)
रिटर्निंग अधिकारी
एस०डी०एम० (067) रामगढ़